भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2867 #
उत्तर देने की तारीख 19 दिसंबर, 2024
28 अग्रहायण, 1946 (शक)

खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन

2867 # श्री नीरज डांगी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं और उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस पहल के माध्यम से खेल प्रतिभाओं के मूल्यांकन के लक्ष्य का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में पंजीकृत खिलाड़ियों का किन-किन स्पर्धाओं में मूल्यांकन हुआ है; और

(घ) इस योजना के माध्यम से खिलाड़ियों द्वारा किए गए प्रदर्शन का खेल - वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ) : इस मंत्रालय की खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) कार्यक्रम में आईटी उपकरणों के उपयोग के माध्यम से विशेष रूप से सुदूर क्षेत्रों के 9 से 18 वर्ष की आयु के एथलीटों के लिए प्रारंभिक प्रतिभा पहचान पर ध्यान केंद्रित करने जैसी प्रमुख विशेषताएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत बेंचमार्क स्थापित करने के लिए फिटनेस और खेल-विशिष्ट मूल्यांकन को मानकीकृत करते हुए, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सामान्य परीक्षणों का उपयोग करके जमीनी स्तर पर प्रतिभा पहचान के लिए एक समान, संरचित पद्धति लागू करना है।

कीर्ति मूल्यांकन लक्ष्य चरणबद्ध तरीके से निर्धारित किए गए थे, जिसमें चरण 1 में 50,000 मूल्यांकन का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से 49,834 मूल्यांकन पूरे हो गए हैं। चरण 2 में 100,000 मूल्यांकन का लक्ष्य था और अब तक कुल 138,087 मूल्यांकन पूरे हो चुके हैं। कीर्ति मूल्यांकन में शामिल होने वाले एथलीटों के 10 शारीरिक और खेल-विशिष्ट परीक्षण किए जाते हैं। ये मूल्यांकन तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन और कुश्ती खेल विधाओं में किए जाते हैं। इस स्कीम के माध्यम से खिलाड़ियों के मूल्यांकन का खेल-वार और राज्य-वार विवरण अनुबंध-I में है।

****

अनुबंध-I

खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन के संबंध में श्री नीरज डांगी, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा द्वारा दिनांक 19.12.2024 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2867 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

1. राज्य-वार आयोजित कीर्ति मूल्यांकन (अब तक)

क्र.सं.	राज्य	मूल्यांकन की संख्या
1	अंडमान और निकोबार	3750
2	आंध्र प्रदेश	10954
3	अरुणाचल प्रदेश	3461
4	असम	11361
5	बिहार	5291
6	चंडीगढ़	1661
7	छत्तीसगढ	4631
8	दमन	814
9	दिल्ली	12544
10	गुजरात	9401
11	हरियाणा	12548
12	हिमाचल प्रदेश	1186
13	जम्मू एवं कश्मीर	458
14	झारखंड	7997
15	कर्नाटक	4914
16	केरल	4037
17	लद्दाख	244
18	लक्षद्वीप	459
19	मध्य प्रदेश	9318
20	महाराष्ट्र	25434
21	मणिपुर	2306
22	मेघालय	4160
23	मिजोरम	4225
24	नगालैंड	3504
25	ओडिशा	7208
26	पुडुचेरी	961
27	पंजाब	3427
28	राजस्थान	7187
29	सिक्किम	1617

30	तमिलनाडु	1565
31	तेलंगाना	2026
32	त्रिपुरा	3646
33	उत्तर प्रदेश	8895
34	उत्तराखंड	1311
35	पश्चिम बंगाल	5420
	कुल योग	**187921**

2. **खेलविधा-वार आयोजित कीर्ति मूल्यांकन (अब तक)**

क्र.सं.	**खेल विधा**	**मूल्यांकन की संख्या**
1	तीरंदाजी	3400
2	एथलेटिक्स	57557
3	बैडमिंटन	462
4	मुक्केबाजी	7127
5	फुटबॉल	43014
6	हॉकी	13292
7	कबड्डी	23041
8	खो-खो	16769
9	वॉलीबॉल	15837
10	भारोत्तोलन	2523
11	कुश्ती	4899
	कुल योग	**187921**

*****